


# पंचदश बिहार विधान सभा

## सप्तम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-5 | बुधवार, दिनांक-05 दिसम्बर, 2012 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अप० तक ।**

[1] बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-43 के तहत चर्चा हेतु सर्वश्री दुर्गा प्रसाद सिंह, सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार एवं तीन सभासदों द्वारा प्रस्तुत सूचना ''दिनांक 19.11.2012 को पटना स्थित गंगा नदी के अदालत घाट पर कुव्यवस्था के कारण मासूमों सहित 19 छठ वर्तियों के मौत से उत्पन्न स्थिति'' पर विमर्श का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा इस विषय पर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया । विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी

(ii) श्री सदानन्द सिंह

(iii) श्री अरूण कुमार सिन्हा

(iv) श्री पवन कुमार जायसवाल

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार के ओर से उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गए'' ।

[2] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 118 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] **कार्यस्थगन की सूचना:-**

आसन द्वारा घोषणा की गई कि माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य तीन सभासदों से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना समय उपरांत प्राप्त होने के कारण बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-100 के तहत अमान्य किया गया ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निर्मांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह (ii) श्री ललन राम
(iii) श्री राज कुमार राय (iv) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(v) श्री जनक सिंह (vi) श्री रामचन्द्र सदा
(vii) श्री कुमार शैलेन्द्र (viii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(ix) श्री कृष्णनन्दन यादव (x) श्री संजय सिंह ''टाइगर''
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (xii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xiii) श्री राजेश्वर राज (xiv) डा० दाउद अली
(xv) श्री विनोद प्रसाद यादव

शून्यकाल शुरू होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर सीट पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे । माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उनसे शांत होने एवं अपनी सीट पर बैठने का अनुरोध किया । विपक्ष माननीय सदस्यगण नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए और कुछ समय बाद सदन से बहिर्गमन कर गये । ध्यानाकर्षण सूचना लिए जाने के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में वापस आ गये ।

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री ललन राम एवं अन्य सभासदों के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 30.11.2012 एवं 04.12.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के निगरानी विभाग से संबंधित दिनांक 03.12.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित 03.12.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव एवं अन्य सभासदों के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 04.12.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा दिया गया ।

(v) माननीय सदस्य श्री राजेश सिंह एवं अन्य सभासदों के नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(vi) माननीय सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव एवं श्री राहुल कुमार का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री कृष्णनन्दन यादव द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वाणिज्यकर विभाग से संबंधित अधिसूचना सं०-एस०ओ० 170, दिनांक 21.09.2012 एवं एस०ओ० 191, दिनांक 17.10.2012 की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि दोनों अधिसूचनाएँ 14 दिनों तक सभा मेज पर रखी रहेगी ।

(ii) माननीय सदस्य निवेदन समिति श्री अवधेश कुमार राय द्वारा समिति का 72वाँ प्रतिवेदन की प्रतियों को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय सभापति प्राक्कलन समिति डा० इजहार अहमद द्वारा समिति का 148वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

[7] <u>याचिकाओं का उपस्थापन</u> :-

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 36 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

02.20 बजे अप० से 05.10 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[8] <u>गैर सरकारी संकल्प</u> :-

(i) 12 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत

(ii) 03 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट

(iii) 71 गैर सरकारी संकल्प वापस

(गैर सरकारी संकल्प संख्या 84 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[9] <u>प्रश्नों की विवरणी</u> :-

यथा संलग्न (1)

[10] <u>माननीय अध्यक्ष महोदय का समापन भाषण</u> :-

यथा संलग्न (2)

तदुपरांत सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-05 दिसम्बर, 2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।